Literacy for a Billion

Movie: Teesri Manzil
Year: 1966

Song: Oh Mere Sona Re Sona Re
Lyricist: Majrooh Sultanpuri

ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना रे
दे दूँगी जान
जुदा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर
ख़फ़ा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर
ख़फ़ा मत होना रे
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना

ओ मेरी बाँहों से निकल के
तू अगर मेरे रस्ते से
हट जाएगा
तो लहराके बलखाके
मेरा साया तेरे तन से
लिपट जाएगा
तुम छुड़ाओ लाख दामन
छोड़ते हैं कब ये अरमाँ
कि मैं भी साथ रहूँगी
रहोगे जहाँ
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना रे
दे दूँगी जान
जुदा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर

ख़फ़ा मत होना रे
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना

ओ मियाँ हमसे ना छिपाओ
ओ बनावट की सारी अदाएँ लिए
कि तुम इसपे हो इतराते
कि मैं पीछे हूँ सौ इल्तिजाएँ लिए
जी में ख़ुश हो मेरे सोना
झूठ है क्या सच कहो ना
कि मैं भी साथ रहूँगी
रहोगे जहाँ
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना रे
दे दूँगी जान
जुदा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर
ख़फ़ा मत होना रे
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना

ओ फिर हमसे ना उलझना
नहीं लट और उलझन में पड़ जाएगी
ओ पछताओगी कुछ ऐसे
के ये सुर्ख़ी लबों की उतर जाएगी
ये सज़ा तुम भूल ना जाना
प्यार को ठोकर मत लगाना
के चला जाऊँगा फिर मैं

ना जाने कहाँ
ओ मेरे सोना रे
सोना रे सोना रे
दे दूँगी जान
जुदा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना

हुआ कुसूर
ख़फ़ा मत होना रे
मैंने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर
ख़फ़ा मत होना रे

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.